# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–14.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडर की आज 134 वीं जयंती, प्रेरणा स्थल पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री देंगे श्रद्धांजलि, राज्यभर में कई कार्यक्रम।
- वक्फ संशोधन कानून पर गरमाई प्रदेश की राजनीति, मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा पर अशांति फैलाने का लगाया आरोप, सांसद दीपक प्रकाश ने कहा– कानून को पढ़ने की जरूरत।
- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक,नक्सल विरोधी अभियान और तेज करने की बनी रणनीति।
- मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई जिलों में आंधी, बारिश के साथ वज्रपात को लेकर जारी किया ऑरेन्ज अलर्ट।
- झारखंड राज्य रग्बी चैंपियनशिप में सीनियर और जूनियर दोनों वर्ग में खूंटी बना विजेता, पश्चिम सिंहभूम महिला वर्ग और पुरूष वर्ग में बोकारो रहा उपविजेता।

*****************

राष्ट्र आज भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य गणमान्य लोग आज संसद परिसर में बाबासाहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर स्वतंत्र भारत के पहले विधि और न्याय मंत्री थे। उन्हें वर्ष 1990 में मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

*****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है । बाबा साहेब की जयंती पर आज राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए है। झारखंड कांग्रेस राजधानी रांची में मानव श्रृंखला बनाएगी इसमें प्रदेश कांग्रेस के नेता समेत पार्टी के प्रदेश प्रभारी के राजू भी शामिल होंगे। वहीं प्रदेश भाजपा राज्यभर में स्वच्छता अभियान चला रही है ।

*****************

स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य में वक्फ कानून लागू नहीं होगा। धनबाद में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने भाजपा पर अशांति फैलाने की कोशिश का आरोप लगाया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने केंद्र सरकार द्वारा किए गए वक्फ संशोधन अधिनियम का खुला विरोध किया है और राज्य में इसे लागू न होने देने का ऐलान किया है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झामुमो इस मुद्दे पर राज्य विधानसभा में प्रस्ताव लाएगा।

इधर भाजपा के राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने वक्फ कानून के विरोध पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा इस कानून में गरीब तबके का विकास होगा।

*****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गिरिडीह में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गैर भाजपा शासित प्रदेशों की सरकारों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि गैर भाजपा शासित प्रदेशों में दंगे होते हैं। श्री दास ने झारखंड की हेमन्त सोरेन सरकार पर कई गम्भीर आरोप लगाए।

*****************

राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश से देवघर में एम्स के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय ने मुलाकात की। इस दौरान राज्यसभा सांसद को निदेशक ने एम्स में स्वास्थ्य सेवा सहित शिक्षा–व्यवस्था से अवगत कराया। निदेशक ने राज्यसभा सांसद से देवघर एम्स में नियुक्त डॉक्टर और नर्सिंग ऑफिसर सहित कर्मियों के बच्चों की पढ़ाई के लिए सेंट्रल स्कूल निर्माण में पहल करने का आग्रह किया। साथ ही एम्स में नियमित बिजली आपूर्ति के लिए जल्द ग्रिड निर्माण करवाने के साथ–साथ अन्य भवन निर्माण के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से फंड की सिफारिश करने का आग्रह किया गया। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने एम्स में सेंट्रल स्कूल निर्माण के लिए केन्द्र सरकार से आग्रह करने का भरोसा दिया।

*****************

झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13 वां केन्द्रीय महाधिवेशन आज से रांची के खेलगांव हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में शुरू होगा। इसमें पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन शामिल होंगे। झारखंड सहित आठ राज्यों के झामुमो कार्यकर्ता इसमें शिरकत करेंगे।

*****************

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कल पुलिस मुख्यालय में नक्सल अभियान के दौरान शहीद हुए जवान सुनील धान की घटना को लेकर नक्सल अभियान की समीक्षा की। इस दौरान डीजीपी ने विस्तार से घटना की जानकारी ली। इसके बाद निर्देश दिया कि आगे अभियान के दौरान इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। डीजीपी आज चाईबासा में नक्सल अभियान की समीक्षा करेंगे।

*****************

हजारीबाग में दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प की घटना में कुछ लोग घायल हो गए है। घटना बरकट्ठा थाना क्षेत्र की है। असामाजिक तत्वों के द्वारा की गई आगजनी और पथराव के बाद स्थिति को देखते हुए पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है । एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जो भी व्यक्ति कानून तोड़ेगा उस पर कार्रवाई भी की जाएगी। सोशल मीडिया के ऊपर भी नजर बनाए रखा गया है उन्होंने लोगों से किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान ना देने की अपील की

*****************

दुमका जिले में संताल समाज के विभिन्न संगठन ओलचिकी लिपि सर्वमान्य बनाने के लिए निरन्तर अभियान चला रहे हैं। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*****************

हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के कोर्रा थाना क्षेत्र के कई प्रतिष्ठानों में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया । इस दौरान भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक के बोतल और बेकरी उत्पाद एक्सपायर पाये गए जिसे जब्त कर नष्ट किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने कहा कि सभी को नोटिस जारी कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने लोगों से सामान खरीदते समय एक्पायरी डेट अवश्य देखने की अपील की

*****************

रांची के बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम खेलगांव में आयोजित सातवीं झारखंड राज्य रग्बी चैंपियनशिप के सीनियर और जूनियर दोनों वर्गो में खूंटी की टीम विजेता रही। महिला वर्ग की उपविजेता का

खिताब पश्चिम सिंहभूम और पुरुष वर्ग के उप विजेता का खिताब बोकारो ने हासिल किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया.

*****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में आज से अगले दो दिन तक आंधी बारिश के साथ ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है । कहीं – कहीं वज्रपात के भी आसार है।

*****************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के संपन्न तीन दिवसीय झारखंड दौरे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर लिखता है –भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बोले– दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां चुनाव आयोग की प्रेरणा स्रोत।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – जेएमएम का महाधिवेशन आज से, तैयारियां पूरी।

दैनिक भास्कर ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है – चालीसाकाल का पुण्य सप्ताह शुरू, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 20 को ईस्टर।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – नई टोल नीति तैयार, तीन हजार में वार्षिक पास, शुल्क में 50 प्रतिशत राहत।

******समाप्त***********